# पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन




पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर तथा पशुपालन विभाग जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान एवं नानाजी देशमुख पशु विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम गौरैया स्थित वेणु पांडुरंग सेवा न्यास की गौशाला में दिनांक 21 मार्च 2025 को किया गया। इस पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित तथा पशु भेशज एवं विष विज्ञान विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर द्वारा संचालित परियोजना के अंतर्गत किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में गौशाला की 160 गायों के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत चिकित्सा की गई। पशु चिकित्सा शिविर में महाविद्यालय से डॉ. विधि गौतम, डॉ सचिन जैन, डॉ पंकज उमर एवं डॉक्टर ज्योति तथा पशुपालन विभाग की ओर से डॉ. एस.के. विश्वकर्मा, डॉ. अच्युत कृष्ण दीक्षित, डॉ. अंजना पाणिकर एवं डॉ. नमन सिंह का संपूर्ण योगदान रहा।




सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर